कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.12.2024

विषयः- शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मुकदमे में वांछित अभियुक्त रोहित कुमार को थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व मे थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-425/24 धारा 69,123 बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र रामदयाल राम निवासी ग्राम हिसामपुर तहसील केराकत थाना चन्दवक जिला जौनपुर को आज दिनांक-09.12.2024 को समय करीब 08.45 बजे रिंग रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-08.12.2024 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने प्रतिवादी रोहित द्वारा वादिनी मुकदमा के खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर अचेत अवस्था में जबरदस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाने व शादी का झांसा देने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में मु0अ0सं0-0425/2024 धारा 69,123 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष विवेक कुमार पाठक थाना लालपुर पाण्डेयपुर द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

रोहित कुमार पुत्र रामदयाल राम निवासी ग्राम हिसामपुर तहसील केराकत थाना चन्दवक जिला जौनपुर, उम्र 24 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- रिंग रोड के पास से, दिनांक-09.12.2024 को समय करीब 08.45 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 425/24 धारा 69,123 बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष विवेक कुमार पाठक थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 सैंकी प्रसाद थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 सुनील कुमार यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 रवीन्द्र कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी ।